# मुख्यमंत्री से मिला व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ दौरे पर आए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से खाद्यान्न व्यवसायियों के प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में मुलाकात किया । इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से कृषि कर को समाप्त करने की मांग की । जिसपर मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने व्यवसायियों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया की इस मामले का शीघ्र समाधान निकला जायेगा । उन्होने कहा की इस मामले के समाधान करने लिए राज्य सरकार गंभीर है और सकारात्मक एवं सार्थक हल निकालने के लिए कटिबद्ध है। मौके पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने मुख्यमंत्री को कृषि कर से व्यवसायियों को जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा उस पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालने का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर राज्य सरकार द्वारा मंत्री का दर्जा प्राप्त योगेंद्र महतो सहित रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के बाजार समिति के सभापति विनय कुमार अग्रवाल, प्रदीप कुमार बरेलिया,जानकी महतो,फल व्यवसायी संघ के मोहम्मद फिरोज, किशोर महतो आदि मौजूद थे ।



## रामगढ़ में हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी अंतर्गत लोवाडीह स्थित आजसू नेता मनोज मुंडा हत्या मामले को लेकर एसपी पीयूष पांडे ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए एसडीपीओ बिरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। बताया कि एसआईटी द्वारा लगातार मामले में शामिल आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में शुक्रवार की देर रात मामले के दो आरोपी बिनोद गंझू व मुनेश्वर उरांव को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। जिन्हें शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सुनीता चौधरी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा उजचुनाव को लेकर शनिवार को एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों का दौरा कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होने कहा की जब 15 वर्ष तक रामगढ़ विधानसभा का आजसू ने प्रतिनिधित्व किया उस समय राज्य में विकास के मामले में रामगढ़ अव्वल था। लेकिन इधर 3 वर्षो में रामगढ़ विकास के मामले में पीछे चला गया है। एनडीए प्रत्याशी ने लोगों से कहा की 27 फरवरी को होनेवाले उपचुनाव में आप मुझे वोट देकर विजय बनाएं। रामगढ़ पुनः राज्य में विकास के मामले में अव्वल बनेगा. सुनीता चौधरी ने लोगों से कहा की आजसू लोगों के हर सुख दुख में हमेशा साथ खड़ी रहती है और आगे भी साथ खड़ी रहेगी। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रोटरी इंटरनेशनल का मना स्थापना दिवस



**रामगढ़।** शहर के थाना चौक स्थित रोटरी हॉल के सभागार में रोटरी इंटरनेशनल का 118वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अनिल गर्ग एवं संचालन सचिव राहुल जैन ने किया। मौके पूर्व अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल ने रोटरी इंटरनेशनल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि रोटरी के स्थापना का लक्ष्य जरूरतमंदों की मदद करना था। संस्था अपने इस लक्ष्य में पूरी तरह से सफल रही है। कहा कि रोटरी अपनी सेवा भावना के कारण पूरी दुनिया में विख्यात है। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के वरिष्ठ सदस्य जगजीत सिंह सोनी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सुरेश पी अग्रवाल, प्रदीप सिंह, अरुण रॉय, नीलांजन दत्ता, रजनी गुप्ता, संजय जैन, मदन माहेश्वरी, जेपी सिंह, सुरेश बौंदिया, राजेश मोदी आदि मौजूद थे।

### डीसी ने किया रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण

# शांतिपूर्ण ढंग से करें मतदान



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत 27 फरवरी को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस दौरान रविवार को मतदान पदाधिकारियों के क्लस्टर/मतदान केंद्रों तक रवाना होने को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने डिस्पैच के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में लगाए गए टेंट व बनाए गए विभिन्न काउंटरों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने बड़ी संख्या में मतदान पदाधिकारियों को सफलतापूर्वक मतदान कराने के लिए रवाना करने हेतु अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच सेंटर पर पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से नियमित रूप से मतदान पदाधिकारियों को डिस्पैच के दिन आवश्यक जानकारियां देने का निर्देश दिया। उन्होंने डिस्पैच एवं रिसिविंग कार्य में लगाए गए अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यो की विस्तार से जानकारी देते हुए उनकी सभी तरह की दुविधाओं को दूर कर देने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होने आवश्यकता अनुसार पोस्टर/बैनर आदि के माध्यम से आवश्यक जानकारियां मतदान पदाधिकारियों को देने व हेल्प डेस्क के माध्यम से किसी भी प्रकार की सहायता मतदान पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षक के क्रम में माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने उपस्थित जोनल दंडाधिकारियों को उनके साथ प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रहने एवं मतदान के दिन शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त, वरीय पदाधिकारी निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता, निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों/अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# करोड़ों की लागत से बनेंगे जलमीनार, 15 को टेंडर

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
गर्मी प्रारंभ होने को है ।गर्मी के बढ़ते तेवर से अभी से ही प्रखंड में पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना दिख रही है ।इसे लेकर स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला एक बार फिर से बरही वासियों के पेयजल संकट समस्या को दूर करने को लेकर गंभीर दिख रहे है । इस संबंध में शनिवार की संध्या एक प्रेस वार्ता आयोजित कर विधायक ने बताया की कुछ तकनीकी कारणों से जलमीनार का निर्माण नही हो सका । 2009 के बाद इस दिशा में कोई काम नहीं हुआ ।उनके पुनर्निर्वाचन होने के बाद वह गंभीर हुए ।विभिन्न औपचारिकताएं पूरी करते हुए योजनाओ को पुनः सक्रिय किया गया । परंतु पुराने दर पर कोई भीं संवेदक कार्य करने को तैयार नही हुए । ऐसे में टेंडर को रिवाइज करवाने की प्रक्रिया की गई ।जिसका फाइनल बीड्स बन गया है । अब 9 करोड़ 79 लाख 32 हजार 213 रुपए के नए मूल्य पर जलमीनार के टेंडर निकाले गए है । जिसका अंतिम रूप से 15 मार्च को चयन होने के बाद कार्य प्रारंभ किया जायेगा । इसके साथ ही उन्होंने पेयजल समस्याओं को दूर करने हेतु किए गए विभिन्न प्रयासों की जानकारी दिया ।विधायक ने बताया कि उनके प्रयास से 14 करोड़ की लागत से कारी माटी में पेयजल मीनार का निर्माण किया जा रहा है जिससे पंचमाधव, करीमाटी आदि सहित विभिन्न गांवों में पानी पहुंचाए जायेंगे । वही मलकोको, डपोक, विजैया आदि पंचायत में नल जल योजना के तहत घर घर पेयजल व्यवस्था करवाने की बात कही। इसके साथ हीं पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा पेयजल निर्माण हेतु टेंडर रिविजन होने की जानकारी दी गई । विधायक ने बताया कि जल्दी ही बरही में पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कर दी जाएगी । इसके लिए टेंडर निकाले जा चुके है ।

## दनुआ घाटी में तीन वाहन टकराए, एक की मौत

**हजारीबाग।** चौपारण जीटी रोड के दनुवा घाटी में शनिवार को दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उपचालक कमलेश कुमार मिश्रा निवासी मोहम्मदी, यूपी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आगे चल रही सरिया लदे एक ट्रेलर को पीछे से आ रहा चावल लदा एक ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। इसी बीच पीछे से आ रहा कोयला लदा पिकअप भी अनियंत्रित होकर टकरा गया जिससे तीनों वाहन पलट गए। चावल लदे ट्रेलर के पलटने से ट्रेलर का उपचालक ट्रेलर के नीचे ही दब गया। इससे उपचालक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना के बाद घायलों को बचाने के बजाए कुछ लोग चावल को लूटने लगे। चावल को लूटने की होड़ सी मच गई। इसकी सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी शम्भूनन्द ईश्वर ने घटनास्थल पर पहुंचकर चावल को लूटने से बचाया तथा घायलों को मदद पहुंचाई।

## शीघ्र निर्माण होगा अनुमंडलीय न्यायालय

**बरही ।** अनुमंडलीय न्यायालय का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होगा । जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी अरविंद देवासीश टोप्पो ने बताया कि न्यायालय एवं आवास निर्माण हेतु अंचल की ओर से चकूरा टांड़ की जमीन स्थानांतरित किया जा चुका है । उन्होंने बताया कि बीते 9 जनवरी को मौजा चकुरा के खाता संख्या 20 के प्लॉट 46 के चार एकड़ जमीन स्थानांतरित किए गए है । जिसका भू निरीक्षण भी किया जा चुका है ।

## एक विषपान और दो बाइक दुर्घटना में रेफर

**बरही ।** शनिवार को पदमा प्रखंड के घियाही निवासी 35 वर्षीय सच्चिदानंद मेहता पिता महेश मेहता घरेलू विवाद में विषपान कर लिया । जिन्हे परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल लाया । जहां चिकत्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया । वही अनुमंडलीय अस्पताल के समित तीन बाइक के आपस में टकराने से पदमा के बंदरबेला निवासी बालेश्वर महतो (४५वर्ष) पिता चरण महतो गंभीर रूप से घायल हो गए । इन्हे भी प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर किया गया । वही बाराटांड़ निवासी फुलवा देवी पति मदन भुइयां के बाईक से गिरने से गंभीर रूप से घायल होने पर प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया ।

## 48 घंटे के लिए बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के मद्देनजर शनिवार शाम 5 बजे के बाद रामगढ़ जिले में शराब की सभी दुकानें बंद हो जाएंगी। निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में रामगढ़ डीसी ने यह आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने बताया है कि 48 घंटे तक शराब की दुकानें नहीं खुलेंगी। मतदान के दिन 27 फरवरी की शाम 5 बजे के बाद ही शराब दुकानों को खोला जाएगा। डीसी ने बताया कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से ही रामगढ़ जिले में ड्राई डे घोषित कर दिया गया है। इस अवधि में किसी होटल, भोजनालय, मधुशाला, दुकान में या किसी अन्य निजी या सार्वजनिक स्थान में कोई भी स्पिरिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जाएगा, न दिया जाएगा और न वितरित किया जाएगा।

# एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मोटरसाइकिल रैली



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर शनिवार को प्रचार समाप्त हो गया. प्रचार के अंतिम दिन एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार सुनीता चौधरी के पक्ष में कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो की अध्यक्षता में एमएमटी ग्राउंड से कॉलेज ग्राउंड रामगढ़ तक मोटरसाइकल रैली का आयोजन किया गया। रैली में मुख्य अतिथि के रूप हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा सैकड़ों मोटरसाइकल सवार भाजपा कैंट मंडल कार्यकताओं के साथ चट्टी बाजार,थाना चौक,सुभाष चौक होते हुए रामगढ़ कॉलेज के समीप पहुंचकर सभा के बाद अपनी रैली को संपन्न किया। रैली के बीच हीं सांसद जयंत सिन्हा की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमे उन्हे मामूली चोट लगी फिर भी वो प्राथमिक उपचार के बाद इस रैली में शामिल होने रामगढ़ कॉलेज गेट पर रैली संपन्न होने के बाद होने वाले सभा में उपस्थित हुए। कार्यकताओं का जोश देखते हुए जयंत सिन्हा ने कहा की आप सभी युवाओं के साथ काम कर मुझमें भी एक अलग स्फूर्ति आ जाती है और इसी का परिणाम है की रैली के बीच दुर्घटना में मुझे चोट लगने के बाद भी आप सब के बीच दुगुनी ऊर्जा के साथ खड़ा हूं। साथ हीं उपस्थित युवाओं को हेलमेट पहनने की उपयोगिता पर बल दिया। उन्होंने कहा की इस उपचुनाव में जनता और कार्यकताओं का जोश बताता है की एनडीए गठबंधन की जीत भारी मतों से होने जा रही है। रैली में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, पुरुलिया सांसद जोतिर्मय महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, अर्चना सिंह,ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, रोहित लाल, धनबाद विधायक राज सिन्हा, पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद आदि शामिल हुए ।

### एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में आयोजित पदयात्रा में उमड़ा लोगों का जनसैलाब

# गोला में सुदेश महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में शनिवार को राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने गोला में पदयात्रा का आयोजन कर समर्थन की अपील की। पदयात्रा गोला के महादेव मंडा आरंभ होकर डीवीसी चौक, रजरप्पा चौक होते हुए पॉलिटेक्निक मोड़ आजसू कार्यालय तक किया ।पदयात्रा में बड़ी संख्या में शामिल महिला पुरुष आजसू पार्टी जिंदाबाद, आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो जिंदाबाद, चंद्रप्रकाश चौधरी जिंदाबाद, सुनीता चौधरी जिंदाबाद, आजसू भाजपा गठबंधन जिंदाबाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के जमकर नारे लगाये गये। इस दौरान सुदेश महतो ने सड़क मार्ग के दोनों ओर देखने वाले लोगों को हाथ जोड़कर अभिवादन किया। आजसू कार्यालय पहुंचने के बाद यात्रा को सभा में तब्दील में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए आजसू सुप्रीमो ने कहा कि झारखंड की सरकार झूठी है। इस झूठी सरकार के झांसे में न आयें। कहा कि राज्य सरकार द्वारा किये गये एक भी वादे तीन सालों में पुरे नहीं किये गए। जिसका परिणाम राज्य के युवा साथियों को झेलना पड़ रहा है। अपने घर से दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं।

## राह पूजा में भगत भुवनेश्वर ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत में राह(मार्ग) पूजा का आयोजन किया गया।इस निमित भगत भुवनेश्वर पासवान कोलहुआ कला,बरही निवासी ने बताया कि राह पूजा हम लोग धूमधाम से मनाते हैं।यह पूजा कहीं-कहीं प्रत्येक वर्ष,तो कहीं प्रत्येक 5 वर्ष या 12 वर्ष में एक बार मनाया जाता है।वहीं शिलाडीह में पासवान टोला के सहयोग से राह पूजा 3 दिन के कार्यक्रम के बाद शुक्रवार को समाप्त किया गया। पूजा में चुहरमल बाबा की पूजा करने के साथ-साथ अस्त्र शस्त्र का भी पूजा किया गया। वही भगत भुवनेश्वर ने बताया कि चुहरमल बाबा का दिल से पूजा पाठ करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है।

# एकादशी उद्यापन पर कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरकनगांगो पंचायत के ग्राम छुतहरी कटिया निवासी राजेन्द्र यादव की मां के द्वारा एकादशी उद्यपन को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाला गया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फीता काटकर कलशयात्रा का शुभारंभ किया। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि इस तरह के यज्ञ क्षेत्र में कई जगहों पर हो रही है। इस तरह के यज्ञ करने से अशूरी शक्ति का नाश होता है। पूजा अर्चना से मन को शांति मिलती है साथ ही वातावरण का शुद्धिकरण होता है। मौके पर जिला परिषद सदस्य सबिता सिंह, केदारनाथ यादव, देवनारायण यादव, बीएनपी वर्णवाल, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष बिरेन्द्र मोदी, पूर्व मुखिया भोला यादव, धनेश्वर यादव राजकुमार पासवान , सुरेंद्र भाई मोदी, अजय यादव, बासुदेव यादव, रामदेव यादव, बिजय यादव, सरयू प्रसाद यादव, गंगाधर यादव, इंद्रदेव मोदी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।



**रामगढ़ उपचुनाव** | बाबूलाल मरांडी ने व्यवसायियों व बुद्धिजीवियों के की बैठक, कहा

# हर किसी को मिल रहा है योजनाओं का लाभ




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के थाना चौक स्थित रोटरी क्लब के सभागार में व्यवसायियों व बुद्धिजीवियों के साथ उपचुनाव को लेकर चर्चा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार,रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत,ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव , विजय मेवाड़ , भाजपा मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस उपचुनाव में महागठबंधन ठगों की जमात है। कहा कि जनता को इन ठगों को सबक सिखाने का अवसर मिला है। जनता एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को विजय बनाकर महागठबंधन को सबक सिखाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा जब से महागठबंधन की सरकार राज्य की सत्ता में आयी है राज्य में हत्या, भ्रष्टाचार व बलात्कार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पर राज्य सरकार इसपर रोक लगाने में विफल है। कहा कि रामगढ़ में पिछले दिनो व्यवसायियों पर गोलीबारी हुई जो दर्शाता है कि अपराधियों के हौंसने किस कदर बढ़े हुए हैं। कहा की जिन अपराधियों और नक्सलियों का आतंक एनडीए की सरकार ने समाप्त कर दिया था , महागठबंधन के शासन के मात्र तीन साल में वे सक्रिय हो गये हैं। एनडीए गठबंधन की सरकार में रामगढ़ सहित देश भर में हुए विकास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा की हमारे गठबंधन की सरकार ने देश भर में विकास के कई इतिहास लिखें है। जम्मू से लेकर अयोध्या तक के मामले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने संवैधानिक तरीके से निपटाया है। कहा कि एनडीए के कार्यकाल में किसी का धर्म अथवा जाति देख कर उन्हें योजनाओं का लाभुक नही बनाया गया बल्कि आर्थिक स्तर और आवश्यकता के अनुरूप समाज के सभी धर्म, जाति और वर्ग के गरीबी स्तर को उठाने के लिए योजनाएं उचित लाभुकों तक पहुंचाई गई। कहा कि जब झारखंड अलग हुआ और मैं मुख्यमंत्री बना तो मैंने राज्य के सभी लोगों को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के देने का कार्य किया था।

# जिप उपाध्यक्ष के पहल पर जिला परिषद जमीन की हुई मापी

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव की पहल पर करियातपुर पंचायत स्थित जिला परिषद जमीन की मापी की गई । जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि जिला परिषद की जमीन पर वर्षो से अवैध कब्जा था । जिससे निर्माण कार्य बाधित हो रहे थे । उन्होंने बताया कि अंचल अमीन और राजस्व कर्मचारी की उपस्थिति में गुरुवार को जमीन की मापी कर सीमांकन किया गया । अब जमीन अवैधमुक्त हो चुका है । इस पर एक सौ दुकान बनाए जाएंगे ।इसके लिए जिला के विभागीय कनिय अभियंता वारिस अरशद को इस्टीमेट तैयार करने की जिम्मेवारी दी गई है । इस्टीमेट बनते ही कोषीय व्यवस्था एवं अन्य कार्यो की शीघ्र पहल की जायेगी । उन्होंने कहा कि दुकान बनने से स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार का मौका मिलेगा । इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि करियातपुर के उच्च विद्यालय के उपयोगिता रहित पुराने जीर्ण शीर्ण भवन को तोड़कर विवाह भवन बनाने के प्रस्ताव भीं भेजे गए है। बैठक में धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे ।



## पुलिस-नक्सली के बीच मुठभेड़

# 6 नक्सली ढेर, 3 जवान भी शहीद



**एजेंसी। जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार की सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जिला रिजर्व पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक सहित तीन जवान शहीद हो गए तथा एक जवान घायल हो गया। मुठभेड़ में छह नक्सलियों के मारे जाने का दावा भी किया है। सुकमा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि जगरगुंडा थाने से शनिवार की सुबह लगभग सात बजे केन्द्रीय सुरक्षा बल तथा जिला रिजर्व पुलिस बल के पचास जवानों का संयुक्त दल कुदेड़ मार्ग पर गश्त पर निकला था। कुछ दूर जाने के बाद करीब साढ़े आठ बजे घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस पर गोलीबारी की। इस दौरान दोनों ओर से करीब आधे घंटे तक गोलीबारी हुई, जिसमें तीन जवान शहीद हो गए। शहीदों की पहचान क्रमशः सहायक उपनिरीक्षक रामूराम नाग, सहायक आरक्षक वंजाम भीमा तथा आरक्षक कुंजाम जोगा के तौर पर हुई है। शर्मा ने बताया कि नक्सली बटालियन में मौजूद 6 नक्सली भी मारे गए हैं। घटना स्थल पर तलाशी के दौरान भारी मात्रा खून के धब्बे मिले। मारे गए नक्सलियों को उनके साथी उठा कर ले गए। बताया जा रहा है कि पुलिस का दल नक्सली एंबुश में फंस गया, जिसके चलते ये घटना हुई। वहीं नक्सलियों के द्वारा एक एके-47 और मोर्टार लूटे जाने की भी खबर है। पिछले एक साल से इस क्षेत्र में पुलिस कैम्प प्रारंभ किए जाने के विरोध में ग्रामीणों द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है।

### जवानों ने 4 किग्रा का प्रेशर आईईडी किया बरामद



**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत शनिवार को सुबह कोबरा बी/210 एवं सीआरपीएफ 229 के जवान सर्चिंग में मोकुर कैम्प के दक्षिण पहाड़ी की ओर रवाना हुए थे। सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिये नक्सलियों द्वारा पगडण्डी पर आईईडी लगा रखा था। सुरक्षा बलों की सूझबूझ एवं सतर्कता से केरिपु 229 के बीडीएस टीम के द्वारा 4 किग्रा का प्रेशर आईईडी बरामद कर मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया है।

# भाजपा ने हर चीज पर कब्जा कर लिया : नीतीश



**एजेंसी। पूर्णिया**

पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में शनिवार को महा गठबंधन की रैली का आयोजन किया गया। रैली को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा और कहा की हर चीज पर भाजपा ने कब्जा कर लिया है।

सीएम ने कहा कि मीडिया में हम लोग का सिर्फ आज छपेगा लेकिन उन्हीं लोगों का छपता रहता है। सीएम ने कहा की पूर्णिया में आकर अमित शाह ने बड़े-बड़े दावे किए एयरपोर्ट बनाने की बात कही गई। लेकिन कोई काम नही हुआ। उन्होंने कहा की एक लाख 25 हजार करोड़ देने की घोषणा की गई लेकिन सिर्फ 59 हजार करोड़ दिया गया। जबकि हमलोग ने जमीन उपलब्ध करवाया है। उनके नेता सिर्फ झूठ बोलने का कार्य करते है।

मुख्यमंत्री ने कहा की आज भी अमित शाह बिहार आए हैं। हमारे खिलाफ दुष्प्रचार करेंगे उनका यही काम है। लेकिन हमलोग काम करने में विश्वास रखते हैं। अगर हम सभी एकजुट हो जाएंगे तो भाजपा को 100 सीट भी नही मिलेगा। उन्होंने कहा की एकजुट नहीं हुए तो ये लोग देश का बटवारा करवा देंगे।

नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता आंदोलन की भी चर्चा की और कहा की इन लोगों का आजादी की लड़ाई में कितना योगदान रहा यह बात सभी जानते है। इन लोगो को आजादी की लड़ाई की कोई जानकारी नहीं है। स्व अटल बिहारी वाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा की 2013 में मैंने आडवाणी जी को पीएम घोषित करने की बात कही थी लेकिन जब दूसरे व्यक्ति को आगे कर दिया तो हम अलग हो गए।

## NEWS इन ब्रीफ

### महिला सहित तीन लोगों ने फंदा लगाकर खत्म की जिंदगी

**फिरोजाबाद।** जनपद में अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत महिला सहित तीन लोगों ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव नगला अजब निवासी गीता (30) पत्नी अंकुर ने गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। गीता को फंदे पर लटका देख ससुरालीजन हैरान रह गये। चीख पुकार मचने पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि शुक्रवार की देर रात कर्णपुर गांव के दो युवक चौटी शर्मा( 25 )और सुरेश कुमार कामत (22 ) मधेपुरा जिले के लक्ष्मिनियां में एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के बाद मोटरसाइिल से घर वापस हो रहे थे। इसी दौरान सुपौल-सिंहेश्वर पथ के कुम्हेट गांव में एक पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों युवकों की मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**सहरसा।** जिले के सौर बाजार-बैजनाथपुर सड़क के बीडीओ चौक के समीप सड़क दुर्घटना में शनिवार को बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे सौर बाजार अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बाप बेटे की सड़क हादसे में हुई मौत

**बक्सर।** बिहार में तेज रफ़्तार से वाहन चलाने वालों का मामला लगातार बढ़ते जा रहा है। आये दिन सड़क दुर्घटना की खबर मिलती रहती है। राज्य में हर दिन ऐसे मामला मिलते रहते है जिसमें सड़क हादसे में किसी न किसी व्यक्ति की जान चली गयी है। हालांकि सड़क हादसे को रोकने के लिए लगातार सतर्कता अभियान भी चलाया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी सड़क हादसा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बिहार के बक्सर से सामने आ रहा है। बक्सर में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी है। दोनों पिता-पुत्र बताये जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर जा रहे तीन लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। इस दुर्घटना में पिता और पुत्र दोनों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोट आयी है। तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक पिकअप वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

## अमित शाह ने कहा-जंगलराज वाले के साथ बैठ गए सुशासन बाबू

# नीतीश के लिए बीजेपी के रास्ते हुए बंद

**एजेंसी। चंपारण**

केंद्रीय गृह मंत्री और बीजेपी नेता अमित शाह ने बिहार के चंपारण में रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा, सत्ता के लिए नीतीश कुमार जंगलराज वालों के साथ बैठ गए। उनके लिए बीजेपी के रास्ते अब बंद हैं। अमित शाह ने कहा, हमारा सपना था नीतीश को सीएम बनाने का। हमने बनाया भी, पर नीतीश बाबू को हर तीन महीने पर पीएम का सपना आता है। अमित शाह ने कहा, सत्ता के लिए नीतीश कुमार लालू प्रसाद की गोदी में बैठ गए। सोनिया गांधी के चरणों में लोट गए। नीतीश कुमार बहुत आया राम गया राम कर लिए। अब नीतीश बाबू के लिए बीजेपी का दरवाजा हमेशा के लिए बंद हो गया है। शाह ने तंज कसते हुए कहा, नीतीश बाबू पीएम बनने के लिए विकासवादी से अवसर वादी बने लेकिन पीएम की जगह खाली नहीं है। 2024 में भी मोदी जी ही आने वाले हैं। नीतीश ने बिहार का बंटाधार कर दिया। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। हत्या, डकैती, अपहरण हो रहे हैं। बोलने वाले पत्रकारों की हत्या हो रही है। शराबबंदी पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, हमें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन नकली शराब बेच रहे हैं। आरजेडी और जेडीयू का पानी और तेल का गठबंधन है। मोदी जी ने बड़े-बड़े काम किए। नीतीश ने लालू के बेटे को सीएम बनाने का वादा किया है। अभी आधा जंगलराज है फिर पूरा जंगलराज होगा। जंगलराज के नेतृत्व में नीतीश जी काम करेंगे।



### जब लोकतंत्र बचेगा तभी होगी राजनीति : लालू



**पूर्णिया** के रंगभूमि मैदान में शनिवार महागठबंधन की महारैली को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा कि हम लोगों को मिलकर पहले लोकतंत्र को बचाना है। जब लोकतंत्र बचेगा तभी राजनीति होगी। लालू यादव ने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं है। यह आरएसएस का मुखौटा है। आरएसएस जो चाहता है, वही नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। भारत को बचाने के लिए एकजुटता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम और नीतीश एक हो गए हैं। देश और संविधान को बचाना है। शनिवार को पूर्णिया से संकल्प लीजिए कि किसी के बहकावे में नहीं आकर 2024 के चुनाव में इतिहास दर्ज करेंगे।

### 2024 में नहीं गलेगी बीजेपी की दाल : ललन सिंह



**पूर्णिया** में शनिवार को महागठबंधन की महारैली हुई। इस रैली में महागठबंधन के सभी नेता मौजूद है। लोकसभा चुनाव के लिए महगठबंधन ने अभी से ही योजना बना ली है। इस रैली में आरजेडी- जेडीयू नेता भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए सीमांचल की जनता को संकल्प दिला रही है। इसी बीच सभा को सम्बोधित करते हुए जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने भाजपा पर हमला बोला है। पूर्णिया में सभा को संशोधित करते हुए ललन सिंह ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह जी आप कितना भी सपना देख ले। आप महागठबंधन में लड़ाई लगाने के लिए चाहे जितना मीडिया का इस्तेमाल करते रहिए। लेकिन इस बार आपकी दाल नहीं गलने वाली है। मैं उनको कहना चाहूंगा कि जब से बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी है तब से बिहार के लोगों को उन्हें 2024 में सत्ता से बेदखल करने का सपना आ रहा है और यह सपना सच होकर रहेगा। अमित शाह जी कहते है जेडीयू के लोगों ने उन्हें धोखा दिया है। जबकि उन्हें क्या मालूम है कि हमने उनका कितना सम्मान किया है। इन लोगों ने सीबीआई, मीडिया, चुनाव आयोग सबको अपने कब्जे में ले लिया है। अगर आज लालू जी के यहां छापा पड़ जाए तो पंद्रह दिन तक यह खबर चलती रहेगी है। लेकिन 81 हजार करोड़ का कॉपोर्रेट फ्रॉड हुआ तो देश की मीडिया ने एक शब्द नहीं कहा।

# होली पर स्पेशल ट्रेनों में 30 प्रतिशत अधिक किराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

होली पर पूर्वांचल और बिहार जाने वाले यात्रियों की टिकट के लिए मच रही मारामारी के बीच रेलवे ने स्पेशल ट्रेन के नाम पर 30 प्रतिशत तक अधिक किराया कर दिया है। दरअसल रेलवे ने फिलहाल किराया तो नहीं बढ़ाया लेकिन त्योहारों के मौके पर स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अधिक किराया जरूर वसूलता रहा है। इन दिनों बिहार और पूर्वांचल जाने वाली ट्रेनों में अधिक मारामारी है, कई ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 300 के पर तक है। ऐसे में रेलवे ने यात्रियों में मांग पर एक दर्जन से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाई है।

होली का त्यौहार परिवार के साथ मानने और अन्तिम समय में टिकट लेने वाले इन यात्रियों के पास रेलवे की स्पेशल ट्रेन में यात्रा करने या तत्काल टिकट लेने के अलावा कोई चारा नहीं है। हालांकि रुटीन ट्रेनों की बजाए इन स्पेशल में तत्काल कोटे से अधिक किराया लग जा रहा है। गोरखपुर से दिल्ली जाने में वातानुकूलित श्रेणी तीन से साढ़े चार सौ रुपये अधिक किराया लिया जा रहा है।



रेलवे ने दो मार्च तक चलने वाली गोरखपुर-दादर स्पेशल एक्सप्रेस को तीन जुलाई तक संचालित करने की घोषणा कर दी है। पूर्वोत्तर रेलवे ने 11 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा हो गई। आगे अभी और ट्रेनों के घोषणा होने की संभावना है। इसी तरह बिहार के लिए भी दिल्ली के आनंद विहार और नई दिल्ली से एक दर्जन से अधिक ट्रेनों की घोषणा की गई है।

2014-15 से पहले स्पेशल ट्रेनों में अतिरिक्त किराया नहीं लिया जाता था। अब पिछले कुछ वर्षो से स्पेशल ट्रेन में अतिरिक्त किराया लिया जा रहा है। स्पेशल में कोई सुविधा तो बढ़ी नहीं, लेकिन अधिकतम 30 प्रतिशत अधिक किराया अवश्य बढ़ गया।

# योगी की सुरक्षा में तैनात गार्ड की गोली लगने से मौत



**एजेंसी। बाराबंकी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा में तैनात मुख्य आरक्षी संदीप यादव की गोली लगने से मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब उनकी सर्विस रिवॉल्वर से अचानक फायर हो गया और गोली सीधे उनके सिर में लगी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। संदीप यादव शनिवार से ड्यूटी पर लौटने वाले थे। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पिस्टल की सफाई करते वक्त गोली चलने की संभावना है। हर पहलू की जांच की जा रही है। अयोध्या जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कदमपुर निवासी वेद प्रकाश यादव का पुत्र संदीप यादव बाराबंकी बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्रीन गार्डन सिटी में निजी मकान बनाकर रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी निशा और आठ साल की बच्ची अर्पिता हैं। वर्तमान समय में संदीप मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात थे। शुक्रवार शाम करीब 07 बजे वह अपनी सरकारी पिस्टल को साफ कर रहे थे। तभी अचानक गोली चली और आरक्षी के सिर में जा लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर प्रभारी निरीक्षक शिव नारायण सिंह पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लेते हुए घटना के संबंध में उच्च अधिकारियों को सूचना दी। परिजनों के आ जाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एमपी बस हादसा : 15 की मौत, 10 लाख का मुआवजा



**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के सीधी बस हादसे में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 15 हो गई। रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में इलाज करा रहे 39 घायलों में से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। आधिकारिक रिपोर्टें के अनुसार, यह त्रासदी शुक्रवार देर रात उस समय हुई जब सतना में 'कोल महाकुंभ' में भाग लेने के लिए एकत्र हुए कोल समुदाय के लोग, कार्यक्रम के बाद तीन बसों में लौट रहे थे। राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'महाकुंभ' में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाग लिया। स्थानीय 'ढाबे' पर सड़क के किनारे बसें खड़ी थीं, जब सीधी में एक सुरंग के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री शिवराज चौहान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल का भी दौरा किया, जहां घायल यात्रियों को भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री चौहान ने वहां पहुंचकर मीडियाकर्मियों को बताया कि अभी भी 39 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिकांश की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है, जबकि पांच से छह गंभीर रूप से घायल आईसीयू वार्ड में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। गंभीर रूप से घायलों को दो लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

### कमलनाथ की मांग, इंदौर मामले में आरोपी पर चले फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा



**एजेंसी। भोपाल**

मध्यप्रदेश के इंदौर में एक छात्र द्वारा पेट्रोल डालकर जला दीं गईं कॉलेज प्राचार्या के निधन के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आरोपी पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाए जाने की मांग की है। कमलनाथ ने दिवंगत प्राचार्या विमुक्ता शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में प्रदेश का पूरा कांग्रेस परिवार शर्मा परिवार के साथ हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रोफेसर शर्मा पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने वाले आरोपी पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए और प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा पर गंभीरता दिखाई जाये। वहीं कांग्रेस की प्रदेश इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के शर्मा ने अपने ट्वीट में कहा कि यह घटना उज्जैन के ही प्रो। एचएस सबरवाल की हत्या की पुनरावृति है। उन्होंने आरोप लगाया कि उस घटना के आरोपी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से जुड़े हुए थे, उन्हें बचा लिया गया था, लेकिन इस (इंदौर मामले के) आरोपी को जल्द दंडित करवाया जाए।

### ओडिशा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में जाजपुर जिले के धर्मशाला थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें सात लोगों की मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब कोलकाता से आ रहा एक ट्रक नेउलपुर सेंट्रल बैंक के पास सड़क किनारे खड़े एक अन्य ट्रक से टकरा गया। यह ट्रक एक दिन पहले शुक्रवार को हादसे का शिकार होने के बाद सड़क पर खड़ा कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। वे सभी कोलकाता क्षेत्र के रहने वाले थे। मृतकों में सड़क पर खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक भी शामिल है। सूचना मिलने पर, चांदीखोल के दमकल कर्मियों ने छह शवों को बाहर निकाला और अधिकारियों ने गंभीर रूप से घायलों में से एक को पास के अस्पताल में स्थानांतरित करने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के गांवों के आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार से दुर्घटना के बाद सड़क किनारे खड़े ट्रक को हटाने में पुलिस की विफलता के विरोध में सड़क जाम कर दिया। पुलिस के हस्तक्षेप और सड़क जाम हटाने के बाद यातायात सामान्य हुआ।

## नियुक्ति भ्रष्टाचार | शिक्षक घोटाले में फरार संदिग्ध की पत्नी का नाम आया सामने

# हेमंती को पता है कि राशि कहां है : कुंतल घोष

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के एक फरार संदिग्ध की पत्नी का नाम अब सामने आया है। यह नाम तब सामने आया, जब गिरफ्तार युवा तृणमूल कांग्रेस के नेता कुंतल घोष ने अदालत से बाहर आते समय पत्रकारों से कहा कि हेमंती गांगुली को पता है कि घोटाले की मुख्य राशि कहां गई थी। जिरह करने पर सीबीआई के अधिकारियों को पता चला कि घोष द्वारा नामित महिला हेमंती गांगुली घोटाले में एक संदिग्ध बिचौलिए गोपाल दलपति की पत्नी है। उसका आज तक कोई पता नहीं चला है। उसके बारे में माना जाता है कि वह मुंबई में रहती है। सूत्रों ने कहा कि जांच अधिकारियों को अभी तक हेमंती गांगुली के घोटाले में शामिल होने का कोई विशेष सुराग नहीं मिला है, लेकिन जांच प्रक्रिया यह निर्धारित करने के लिए शुरू हो गई है कि क्या कुंतल घोष ने जांच के मुख्य पाठ्यक्रम से जनता का ध्यान हटाने के लिए अचानक नाम मंगवाया है। हेमंती गांगुली की पृष्ठभूमि की जांच से पता चला है कि एक समय में वह कम बजट वाली बंगाली फिल्मों में मॉडलिंग और पार्ट टाइम एक्टिंग के पेशे में शामिल थीं। मॉडलिंग और अभिनय पृष्ठभूमि वाली एक दूसरी महिला का नाम, जो शिक्षकों के घोटाले में सामने आया है, पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी का है।




### कुंतल का आरोप, जेल में परेशान कर रहे हैं पार्थ

पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी के बाद प्रेसिडेंसी सेंट्रल जेल में बंद तृणमूल युवा नेता कुंतल घोष ने अब इसी जेल में बंद पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उसने दावा किया है कि जेल में उन्हें मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया है। कुंतल ने कहा कि जेल में उसे पार्थ ने कहा कि मेरा नाम नियुक्ति भ्रष्टाचार में क्यों लिया। इसे लेकर पार्थ ने खूब डांटा फटकारा और गुस्सा भरे तेवर में डराया धमकाया है। केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सूत्रों ने बताया है कि कुंतल के इस बयान को रिकॉर्ड किया गया है। सीबीआई ने भी उसके बयान को रिकॉर्ड किया है। इसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। हर बार पार्थ चटर्जी न्यायालय में पेशी के समय अपने लिए जमानत की अर्जी लगा रहे हैं लेकिन उनके इस बर्ताव को न्यायालय के समक्ष रखकर बताया जाएगा कि आखिर वह किस तरह से साक्ष्यों को प्रभावित कर रहे हैं और जेल में रहने के बावजूद उनका तेवर कैसा है। दरअसल हर बार पार्थ की जमानत याचिका को केंद्रीय एजेंसी यह कह कर रोकती रही है कि वह काफी प्रभावशाली नेता हैं और बाहर निकलने पर साक्ष्यों को प्रभावित करेंगे।

## यूपी के पर्यटकों को मिलेगी सहूलियत

# स्थानीय युवाओं को रोजगार

### बुद्ध सर्किट समेत सभी प्रमुख पर्यटन केंद्र पर लोकल लेवल गाइड सुविधा देने की तैयारी

**नवीन मेल नेटवर्क। गोरखपुर**

पर्यटन विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों में योगी सरकार का ध्यान इस बात पर है कि पर्यटकों को अधिकाधिक सहूलियत और स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं एक साथ आगे बढ़ें। इसके दृष्टिगत ही बुद्ध सर्किट समेत प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन केंद्रों पर स्थानीय युवाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में जोड़ने के लिए प्रशिक्षण देने की तैयारी की जा रही है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन मांगे गए हैं और एक निर्धारित प्रवेश प्रकिया के बाद चयनितों को पर्यटन प्रबंध संस्थान से छह सप्ताह का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

पर्यटन विभाग की तरफ से प्रदेश के टूरिस्ट सर्किटों में लोकल लेवल गाइड की सुविधा देने के लिए प्रशिक्षण दिलाने का निर्णय लिया गया है। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए विभाग की तरफ से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 18 वर्ष से अधिक उम्र के इंटरमीडिएट पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। अधिकतम आयु की बाध्यता नहीं है। मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान की वेबसाइट www.mkitm.com पर उपलब्ध ऑनलाइन आवदेन पत्र को भरने के बाद 28 फरवरी तक इसी वेबसाइट पर अपलोड भी करना है। साथ ही प्रिंटेड कॉपी संस्थान के लखनऊ कार्यालय में स्वयं या पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा भी करना होगा।

